दिनांक : 26/10/2018 विषय : हिन्दी अंक : 80

वार : शुक्रवार कक्षा : 8 समय : 2:00 थी 5:00

---

**प्रश्न-१(अ) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए ।** [८]

१. 'आसमान' शब्द का विलोम शब्द कौन-सा है ?

(A) आकाश (B) ज़मीन

(C) नभ (D) गगन

२. 'मेहरबाँ' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा नहीं है ?

(A) निर्दयी (B) जनाब

(C) कृपालु (D) साहब

३. 'ईदगाह' इकाई का साहित्य स्वरुप कौन-सा है ?

(A) एकांकी (B) कहानी

(C) जीवनी (D) वाद-विवाद

४. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द पहचानिए ।

(A) फुलदानी (B) नागरीक

(C) साम्राज्ञी (D) ओफिसर

५. निम्नलिखित शब्दों में से 'सर्वनाम' पहचानिए ।

(A) मुंगेर (B) आप

(C) विकसित (D) पढ़ाई

६. शब्दकोश के क्रमानुसार 'तीसरा' शब्द कौन-सा होगा ?

(A) आचरण (B) अचंबा

(C) ओट (D) कुल

७. निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्य पहचानिए ।

(A) क्या तालाब की जल पीने योग्य है ? (B) मुझे आज़ बहुत खुशी है ?

(C) कल सविता बहुत हँसता था । (D) वाह! क्या कैच लिया है ।

८. निम्नलिखित में से 'वचन परिवर्तन' की सही जोड़ पहचानिए ।

(A) बेटा - बेटी (B) फूल - फूल

(C) उपवन - उपवने (D) बात - बातों



Scanned by CamScanner

(ब) निम्नलिखित विज़िटींग (परिचय) कार्ड पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [४]

ग्राहक का संतोष, हमारा लक्ष्य

**अनमोल पुस्तक भंडार**

१०६, शाहीबाग, अहमदाबाद

ममर्म :

**यशपाल**



**समय** : सोमवार से शुक्रवार

**सुबह** : ८ से शाम ८ तक

शनिवार सुबह ८ से १२ बजे तक

हर रविवार अवकाश रहेगा।

**प्रश्नः**

१. 'अनमोल पुस्तक भंडार' कहाँ स्थित है ?

२. 'अनमोल पुस्तक भंडार' में भावना तीन बजे पहुँची, तो दुकान बंद थी । क्यों ?

३. इस दुकान के मालिक का ध्येय क्या है ?

४. पुस्तक भंडार के मालिक का नाम क्या है ?

**(क) सूचना अनुसार उत्तर लिखिए ।** **[२]**

१. काल परिवर्तन कीजिए ।

(अ) मैं लिख रहा हूँ । (भूतकाल)

(ब) हम बाज़ार गये थे । (भविष्यकाल)

२. उपसर्ग और प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाइए । **[२]**

(अ) ______ + ज्ञान = __________ (उपसर्ग)

(ब) मानव + ______ = __________ (प्रत्यय)

**प्रश्न-२(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए ।(किन्हीं पाँच)** **[१०]**

१. हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा ?

२. अंतरिक्ष यात्रा में किस प्रकार की मुश्किलें आती हैं ?

३. पढ़े हुए से देखा हुआ ज्यादा याद रहता है ? क्यों ?

४. ऋषियों ने बालक का नाम सर्वदमन क्यों रखा ?

५. ममता की सेवा कौन करता था ? क्यों ?

६. दुकान में कौन-कौन से खिलौने मिलते हैं ?

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए ।(किन्हीं दो)** **[६]**

१. ईद की सुबह का वर्णन कीजिए ।

२. सुनीता ने अपने सपने कैसे साकार किए ?

३. ममता को प्रत्येक लड़नेवाले सैनिक से नफ़रत क्यों थी ?



Scanned by CamScanner

प्रश्न-३(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (किन्हीं तीन) [६]

१. कवि खुद से क्या कहना चाहते हैं ?

२. कवि अमर सपूतों से क्या चाहते है ? क्यों ?

३. राहुल ने पिताजी का पक्ष क्यों लिया ?

४. कवि ईश्वर से क्या चाहते हैं ?

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। (किन्हीं दो)** [६]

१. देश के नवनिर्माण के लिए आप क्या-क्या करना चाहेंगे ?

२. आप ईश्वर से प्रार्थना किस समय करते हैं ? क्यों ?

३. उपवन की शोभा का वर्णन कीजिए।

**(क) काव्यपंक्तियाँ पूर्ण कीजिए।** [२]

तेरी मर्जी से ए मालिक

--

ये जिस्म-ओ-जाँ पाए हैं।

**(ड) मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य प्रयोग कीजिए। (किसी एक)** [२]

१. जी तोड़ मेहनत करना

२. दिल बैठ जाना

**प्रश्न-४(अ) सूचना अनुसार कीजिए।**

१. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय पहचानकर लिखिए। [२]

(अ) प्रतीक्षा बहुत काम करती थी।

(ब) पार्थ और गौरव घर चले गए।

[२]

२. लिंग परिवर्तन करके उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(अ) विधाता

(ब) साधु

**(ब) रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए।** **[६]**

एक निर्दयी राजा - गुलाम को दंड - गुलाम का जंगल में भागना - सिंह से भेंट - सिंह के पैर से काँटा निकालना - सिंह से मित्रता - गुलाम की गिरफ्तारी - मृत्युदंड की तैयारी - उसे भूखे सिंह के सामने छोड़ना - सिंह का स्नेहपूर्ण व्यवहार - दोनों की रिहाई - सीख।

**अथवा**

**अपूर्ण कहानी पूर्ण कीजिए।**

मौसम में ठंडक बढ़ने लगी थी। माँ सोचने लगी कि इस साल ढेर सारे स्वेटर बनाकर बेचने हैं। जिससे अंकित की दसवीं कक्षा की फीस और पढ़ाई का खर्चा निकाला जा सके।

............



Scanned by CamScanner

(क) **निम्नलिखित परिच्छेद का गुजराती में अनुवाद कीजिए ।** [६]

इस रक्षाबंधन का नाम 'अपराजित' है । जिस समय इस बालक का नामकरण हुआ था, तब महात्मा 'मरीचि' के पुत्र 'कश्यप' ने यह धागा दिया था । इसका गुण है कि कभी यह धरती पर गिर पडे तो इस बालक के माता-पिता को छोडकर इसे दूसरा न उठा सके ।

**प्रश्न-५(अ) सूचना अनुसार कीजिए ।**

१. हामिद का पात्र परिचय दीजिए । [३]

२. अच्छा क्या है - 'मारना या बचाना' अपने विचार स्पष्ट कीजिए । [३]

३. सर्वनाम के भेद लिखकर किसी एक भेद की समझ स्पष्ट कीजिए । [२]

**अथवा**

जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा के भेद स्पष्ट कीजिए ।

**(ब) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** [८]

१. डो. अब्दुल कलाम

प्रस्तावना - जन्म एवं बचपन - शिक्षा - गृहस्थ जीवन एवं व्यवसाय - देश के लिए योगदान - मृत्यु - उपसंहार ।

२. २०२० का भारत

प्रस्तावना - आज की परिस्थिति - भविष्य की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थिति - बदलाव की जरूरी बातें - उपसंहार ।

३. मेरे आदर्श व्यक्ति

प्रस्तावना - उनके जीवन की आदर्श बातें - मेरे जीवन में बदलाव - उपसंहार ।



Scanned by CamScanner